दूरभाष : 8920677655
ई–मेल : cecivilmrtpvvnl@gmail.com
CIN: U31200UP2003SGC027458

कार्यालय
**मुख्य अभियन्ता (जानपद)**
पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0
विक्टोरिया पार्क, मेरठ

पत्रांक : 102 /मु0अ0जा0वि0/मेरठ/अनुमोदन दिनांक 03-02-2023

## कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) वितरण, मेरठ से प्राप्त एवं संस्तुत निम्नलिखित कार्य सम्बन्धी प्रस्ताव पर प्रबन्ध निदेशक महोदय द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

| क्र0 सं0 | जानपद खण्ड/मण्डल | टिप्पणी संख्या एवं दिनांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | लागत (रू0 लाख में) (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | वित्त पोषण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वि0जा0वि0मं0, मेरठ | पत्रांक 672 दिनांक 11.01.2023 | वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु आवासीय कालोनी विक्टोरिया पार्क, मेरठ के वार्षिक अनुरक्षण कार्यो के सम्बन्ध में। | 30.67 | अनुरक्षण मद |
| 2 | वि0जा0वि0मं0, मेरठ | पत्रांक 675 दिनांक 13.01.2023 | वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित शक्ति क्लब, कर्मटी रूम, मुख्य अभियनता (जानपद) एवं अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) कार्यालय एवं विद्युत प्रशिक्षण संस्थान में स्थापित ए0सी0 के वार्षिक अनुरक्षण कार्यो के सम्बन्ध में। | 1.48 | अनुरक्षण मद |
| 3 | वि0जा0वि0मं0, मेरठ | पत्रांक 674 दिनांक 13.01.2023 | वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित विद्युत प्रशिक्षण संस्थान एवं कमैटी रूम के संचालन हेतु आवश्यक अपकीपिंग के कार्यो के सम्बन्ध में। | 14.36 | अनुरक्षण मद |
| | | | **कुल योग** | **46.51** | |

**उपरोक्त अनुमोदन निम्न के प्रतिबन्धाधीन होगाः**

1. सक्षम समिति द्वारा कार्य/क्रय के आवंटन का निर्णय आमंत्रित ई–निविदा में प्राप्त न्यूनतम दरों की औचित्यता/युक्तियुक्तता के परिपेक्ष्य में सुनिश्चित किया जायेगा।
2. क्रय/कार्य का वित्त पोषण उपरोक्त सारणी के अनुसार सुनिश्चित किया जायेगा एवं सम्बन्धित कार्य हेतु स्वीकृति अनुसार पर्याप्तता/समौचित्य सुनिश्चित किया जायेगा।
3. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यथा प्रदत्त अनुमोदन से अनुशंसित कार्य अथवा किसी पूर्व प्रदत्त अनुमोदन की द्विरावृत्ति नही हो रही है।
4. कार्य/क्रय की प्रगति से इस कार्यालय को भी अवगत कराना सुनिश्चित किया जायेगा।
5. कार्य का ऑकलन सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत करने के उपरान्त ही निविदा कार्य/क्रय समिति को प्रस्तुत की जाये।
6. अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) द्वारा वर्ष 2023–24 के बजट में प्राविधान सुनिश्चित किया जायें।

3/2/23
मुख्य अभियन्ता (जानपद)
03/02/2023

पत्रांक : 102 /मु0अ0जा0वि0मेरठ/अनुमोदन दिनांक 03-02-2023

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। ई–मेल द्वारा**

1. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद वितरण मण्डल, मेरठ को टिप्पणी तथा आदेश की छायाप्रति सहित।
2. अधिशासी अभियन्ता; विद्युत जानपद वितरण खण्ड, मेरठ को टिप्पणी तथा आदेश की छायाप्रति सहित एवं इस निर्देश के साथ प्रेषित कि रख–रखाव का विधिवत रिर्कोड रखना सुनिश्चित करेंगे।

3/2/23
(रविन्द्र सिंह ढाका)
मुख्य अभियन्ता (जानपद)
03/02/2023

# टिप्पणी तथा आदेश



पत्रांकः—672 / वि0जा0वि0खं0 / मेरठ /                                                    दिनांकः— 11.01.2023

**विषयः—** वित्तीय वर्ष 2023—24 हेतु आवासीय कालोनी विक्टोरिया पार्क, मेरठ के वार्षिक अनुरक्षण कार्यो के सम्बन्ध में।

निदेशक (कार्मिक एवं प्रबन्धन) / (वित्त) / प्रबन्ध निदेशक, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ।

उपरोक्त विषयक संज्ञान में लाना है कि हाइडिल कालोनी विक्टोरिया पार्क, मेरठ परिसर में 170 नग विभागीय आवास स्थित है जिसमें निम्नतालिका के अनुसार आवासो का विभाजन है।

| क्र0 सं0 | आवासो के प्रकार | संख्या | कुल पिलन्थ एरिया |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रबन्ध निदेशक आवास | 01 नग | 721.18 |
| 2. | निदेशक (वित्त) / (वाणिज्य) / (कार्मिक) / (तकनीकी) आवास | 04 नग | 1388.02 |
| 3. | ए0ई0 टाईप आवास | 05 नग | 696.95 |
| 4. | फिल्ड हॉस्टल अधिकारी आवास | 16 नग | 1540.00 |
| 5. | टाईप प्रथम आवास | 60 नग | 2056.80 |
| 6. | टाईप द्वितीय आवास | 44 नग | 2728.44 |
| 7. | टाईप तृतीय आवास | 18 नग | 1449.90 |
| 8. | टाईप चतुर्थ आवास | 22 नग | 3861.00 |
| | **योग** | **170 नग** | **14442.29** |

उक्त आवासो में अधिकत्तर आवास लगभग 40 वर्षो से अधिक पुराने है। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 के आदेश सं0 12 / 2018 / 400 / 23—5—18—50(277)ईजी / 04 (छायाप्रति संलग्न) में इंगित दरों के अनुसार उक्त सभी आवासो के वार्षिक अनुरक्षण हेतु (14442.29 @ 230.00) रू0 33,21,726.70 की आवश्यकता होगी। किन्तु वर्तमान में निगम की वित्तीय स्थिति को देखते हुये उक्त सभी आवासो में होने वाले मरम्मत सम्बन्धित आवश्यक कार्य एवं कालोनी परिसर की साफ—सफाई, जलापूर्ति की व्यवस्था को बनाये रखने हेतु एक प्रांकलन तैयार किया गया है (विवरण संलग्न) जिसके अनुसार उक्त कार्य में रू0 30.67 लाख (यथा अनुमन्य वस्तु एवं सेवाकर अतिरिक्त) का व्यय होना अनुमानित है। विगत वर्ष 2022—23 में वार्षिक रख—रखाव के कार्यो हेतु (25.00+2.55) रू0 27.55 लाख (यथा अनुमन्य वस्तु एवं सेवाकर अतिरिक्त) का अनुमोदन प्रदान किया गया था (छायाप्रति संलग्न), इसके अतिरिक्त माह 12 / 2022 तक कुल रू0 24.55 लाख का व्यय किया जा चुका है एवं शेष रू0 3.00 लाख का व्यय दिनांक 31.03.2022 तक सम्भावित है। **वित्तीय वर्ष 2023—24 के अनुरक्षण मद में निम्नलिखित कार्यो को कराया जाना प्रस्तावित है।**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित व्यय |
|---|---|---|
| 1 | सडक एवं परिसर की सफाई का कार्य | रू0 5,47,224.00 |
| 2 | नाली इत्यादि सफाई का कार्य | रू0 1,91,550.00 |
| 3 | बागवानी से सम्बन्धित रख—रखाव के कार्य | रू0 6,10,903.00 |
| 4 | जलापूर्ति का रख—रखाव एवं संचालन के कार्य | रू0 2,32,056.00 |
| 5 | पिलम्बिंग सम्बन्धित कार्य | रू0 6,51,611.00 |
| 5 | सेप्टिक टैंक एवं मैन होल की सफाई का कार्य | रू0 1,48,260.00 |
| 6 | अन्य आवश्यक मरम्मत सम्बन्धी कार्य | रू0 4,09,198.00 |
| 7 | विद्युत उपकरणो के रख—रखाव हेतु सम्बन्धित कार्य | रू0 2,75,700.00 |
| | **योग** | **रू0 30,66,502.00** |
| | **अर्थात** | **रू0 30.67 लाख** |

अतः उपरोक्त परिपेक्ष्य में हाइडिल कालोनी परिसर स्थित आवासीय भवन में संलग्न विवरणानुसार अति आवश्यक अनुरक्षण कार्यो हेतु **"अनुरक्षण मद"** में **रू0 30.67 लाख (वस्तु एवं सेवाकर अतिरिक्त)** का वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुमोदन तथा उक्त कार्यो हेतु ई—निविदा आमंत्रित करने हेतु अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

13/1/2023
(मुनीन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वि.जा.वि.मं., मेरठ

(शिव कुमार यादव)
उपखण्ड अधिकारी
वि.जा.वि.उ.खं.—प्रथम, मेरठ

13/1/23
**(रविन्द्र सिंह ढाका)**
**मुख्य अभियन्ता (जानपद)**
**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०**
**मेरठ**

13/1/23
(एल0 के0 गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ

13.01.23
एस0 के0 पुरवार
निदेशक (का0 एवं प्रब0)
प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ

approved as proposed above, subject to approval & availability of funds at the competent level authority

27/01
प्र0 नि0
प वि वि नि लि मेरठ

# टिप्पणी तथा आदेश

महोदया,

पूर्व पृष्ठ पर अंकित टिप्पणी के संदर्भ में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 का प्रस्तावित बजट के अन्तर्गत ओ0 एण्ड एम0 कार्य हेतु निगम का कुल व्यय धनराशि रू0 236.12 करोड़ प्रस्तावित है जो अनुमोदन की प्रकिया में है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में ओ0 एण्ड एम0 मद में जानपद खण्डों के 7 कार्यों हेतु धनराशि रू0 102.69 लाख अनुमोदित है।

मुख्यालय, लखनऊ से ओ0 एण्ड एम0 मद में प्रतिमाह कमशः धनराशि रू0 5.00 करोड़ एवं रू0 23.86 लाख (विजिलेंस कार्य हेतु) एवं आवश्यक धनराशि लाईसेंस फीस इत्यादि प्राप्त होती है तथा अवशेष धनराशि का भुगतान निगम के पास आन्तरिक संसाधन मद में उपलब्धता अनुसार किया जाता है।

AO 1.2.23

पृष्ठ 1 पर महोदया द्वारा की गई टिप्पणी के संदर्भ में अवलोकनार्थ

MD

2/2/2023
(एल0 के0 गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ

2023-24 में प्रस्तावित कार्य को Funds Availability के आधार पर कराया जाये।

03/02
प्र0 नि0
प0वि0वि0नि0लि0 मेरठ

# टिप्पणी तथा आदेश

पृष्ठ..................

पत्रांकः– 675 / वि0जा0वि0खं0 / मेरठ /  दिनांकः–13.01.2023

**विषयः–वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित शक्ति क्लब, कमैटी रूम, मुख्य अभियन्ता (जानपद) एवं अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) कार्यालय एवं विद्युत प्रशिक्षण संस्थान में स्थापित ए0सी0 के वार्षिक अनुरक्षण कार्यो के सम्बन्ध में।**

**निदेशक (कार्मिक एवं प्रबन्धन) / (वित्त) / प्रबन्ध निदेशक, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ।**

कृपया संज्ञान में लाना है कि आगामी ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत हाइडिल कालोनी, विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित शक्ति क्लब, कमैटी रूम, मुख्य अभियन्ता (जानपद) एवं अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) कार्यालय एवं विद्युत प्रशिक्षण संस्थान में संलग्न विवरण के अनुसार स्थापित कुल 35 अदद ए0सी0 की सर्विस व आवश्यकतानुसार मरम्मत के कार्य कराये जाने रहते है। इनमें से अधिकांश ए0सी0 06 वर्ष की अवधि से अधिक पुराने है।

अवगत कराना है कि ग्रीष्मऋतु में ए.सी. के प्रयोग होने से पहले इनमें सर्विसिंग के अतिरिक्त समय–समय पर चैकिंग एवं जाली क्लीनिंग तथा अन्य अनुरक्षण कार्य यथा गैस फिलिंग तथा पी.सी.बी., फैन मोटर एवं कम्प्रैसर रिले इत्यादि बदलने की भी आवश्यकता पड़ती है।

अतः उक्त विभागीय भवनों में स्थापित ए0सी0 के आगामी ग्रीष्मऋतु में सर्विस एवं अन्य अनुरक्षण कार्यो हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है।

| Sr. No. | Location | Split AC | | | | Window AC | | Cassette AC | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 Ton | Unit | 1.5 Ton | Unit | 1.5 Ton | Unit | 03 ton | Unit | 04 Ton | Unit |
| 1 | Civil Office | - | - | 2 | Nos | - | - | - | - | - | - |
| 2 | Electricity Training Institute | 10.00 | Nos | 4 | Nos | - | - | 2.00 | Nos | 4.00 | Nos |
| 3 | Shakti Club | - | - | 8 | Nos | 2.00 | Nos | - | - | - | - |
| 4 | Old Guest House | 4.00 | Nos | 1 | Nos | - | - | - | - | - | - |
| | Total | 14.00 | | 15.00 | | 2.00 | | 2.00 | | 4.00 | |

उक्त कार्यो पर संलग्न विवरण एवं निम्नवत् तालिका के अनुसार लगभग रू0 1.48 लाख (यथा अनुमन्य वस्तु एवं सेवाकर अतिरिक्त) का व्यय अनुमानित है। उक्त कार्य अनुरक्षण मद में किये जाने प्रस्तावित है (गत वर्ष अनुमोदन की छायाप्रति संलग्न)।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | संख्या | लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | सर्विस कार्य | 35 | रू0 42,240.00 |
| 2 | गैस फिलिंग कार्य | 12 | रू0 34,400.00 |
| 3 | पी0सी0बी0, फैन मोटर एवं रिर्ले आदि कार्य | 18 | रू0 57,104.00 |
| 4 | रूटीन सर्विस कार्य | 70 | रू0 14,000.00 |
| | | योग | **रू0 1,47,744.00** |
| | | कुल योग | **रू0 1.48 लाख** |

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त कार्यो को कराने हेतु **रू0 1.48 लाख (यथा अनुमन्य वस्तु एवं सेवाकर अतिरिक्त)** का वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुमोदन **"अनुरक्षण"** मद में देते हुये ई–निविदा आमंत्रित करने का अनुमोदन भी प्रदान करना चाहें।

**संलग्नक–यथोपरि।**

(मुनीन्द्र कुमार) 13/01/23
अधीक्षण अभियन्ता
वि.जा.वि.मं., मेरठ

(शिव कुमार यादव)
उपखण्ड अधिकारी
वि.जा.वि.उ.खं.–प्रथम, मेरठ

SE(HQ)
16.01.23

संस्तुत
16/1/23
**(रविन्द्र सिंह ढाका)**
**मुख्य अभियन्ता (जानपद)**
**पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0**
मेरठ

EE(HQ)
17.1.23

संस्तुत

(एल0 के0 गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ

18.01.23
नि0 (का0 एवं प्रब0)
प0वि0वि0नि0लि0 मेरठ

As proposed
प्र0 नि0
प वि वि नि लि मेरठ

# टिप्पणी तथा आदेश



पत्रांकः— 674 / वि0जा0वि0खं0 / मेरठ / प्रस्ताव दिनांकः—13-01-23

विषयः—वित्तीय वर्ष 2022—23 हेतु विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित विद्युत प्रशिक्षण संस्थान एवं कमैटी रूम के संचालन हेतु आवश्यक अपकीपिंग के कार्यो के सम्बन्ध में।

निदेशक (कार्मिक) / (वित्त) / प्रबन्ध निदेशक, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ।

संज्ञान में लाना है कि विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित विद्युत प्रशिक्षण संस्थान एवं कमैटी रूम के दिन—प्रतिदिन संचालन हेतु विभिन्न आवश्यक कार्य जैसे—केयर टेकिंग के कार्य, साफ—सफाई कार्य एवं साफ सफाई हेतु सामग्री क्रय करने एवं अन्य विविध कार्य यथा डिश रिचार्ज, कपडे धुलाई, ड्राईक्लिनिंग इत्यादि कार्य कराये जाते है, इसके साथ ही सुरक्षा हेतु प्रहारी की सुविधा भी ली जाती है। विगत वर्ष 2022—23 के दौरान इन कार्यो को कराने हेतु रू0 14.36 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया था (छायाप्रति संलग्न)।

वित्तीय वर्ष 2023—24 (अवधि दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक) में विद्युत प्रशिक्षण संस्थान एवं कमैटी रूम के संचालन हेतु समस्त वर्णित कार्यो को ई—निविदा के माध्यम से कराने हेतु संलग्न विवरण के अनुसार **रू0 14.36 लाख (यथा अनुमन्य वस्तु व सेवाकर, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 अतिरिक्त)** का व्यय अनुमानित है, इसके अतिरिक्त माह 12 / 2022 तक कुल रू0 11.36 लाख का व्यय किया जा चुका है एवं शेष रू0 3.00 लाख का व्यय दिनांक 31.03.2023 तक सम्भावित है। **वित्तीय वर्ष 2023—24 के अनुरक्षण एवं परिचालन मद में उक्त कार्यो को कराया जाना प्रस्तावित है।**

अतः अनुरोध है कि विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित विद्युत प्रशिक्षण संस्थान एवं कमैटी रूम के संचालन सम्बन्धित उक्त वर्णित कार्यो को कराने हेतु **रू0 14.36 लाख (यथा अनुमन्य वस्तु व सेवाकर, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 अतिरिक्त)** का (अनुरक्षण मद में) वित्तीय एवं प्रशानिक अनुमोदन विभाग के अनुरक्षण एवं परिचालन मद में देना चाहें।

13/01/2023
(मुनीन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वि.जा.वि.मं., मेरठ

(शिव कुमार यादव)
उपखण्ड अधिकारी
वि.जा.वि.उ.खं.—प्रथम, मेरठ

13/1/23
(एल0 के0 गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ

संस्तुत
13/1/23
(रविन्द्र सिंह ढाका)
मुख्य अभियन्ता (जानपद)
पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि०
मेरठ

13.1.23
एस0 के0 पुरवार
निदेशक (का0 एवं प्रश0)
प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ

As proposed approved
— works to be taken up only on the basis of fund availability

27/01
प्र0 नि0
प वि वि नि लि मेरठ

# टिप्पणी तथा आदेश

पृष्ठ.......2

महोदया,

पूर्व पृष्ठ पर अंकित टिप्पणी के संदर्भ में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2023–. का प्रस्तावित बजट के अन्तर्गत ओ0 एण्ड एम0 कार्य हेतु निगम का कुल व्यय धनराशि रू0 236.12 करोड़ प्रस्तावित है जो अनुमोदन की प्रकिया में है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में ओ0 एण्ड एम0 मद में जानपद खण्डों के 7 कार्यों हेतु धनराशि रू0 102.69 लाख अनुमोदित है।

मुख्यालय, लखनऊ से ओ0 एण्ड एम0 मद में प्रतिमाह कमशः धनराशि रू0 5.00 करोड़ एवं रू0 23.86 लाख (विजिलेंस कार्य हेतु) एवं आवश्यक धनराशि लाईसेंस फीस इत्यादि प्राप्त होती है तथा अवशेष धनराशि का भुगतान निगम के पास आन्तरिक संसाधन मद में उपलब्धता अनुसार किया जाता है।

AO
1.2.23

MD

(एस0 के0 गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ

Fund Availability के सीमा अन्तर्गत 2023-24 में उक्त कार्य में कराया जाये।

03/02

प्र0 नि0
प0वि0वि0नि0लि0 मेरठ